| | |
|---|---|
| News Date | 2-07-2018 |
| Publication | Dainik Jagran |
| Media Type | Daily Newspaper |
| Publication Type | Hindi Daily Newspaper |
| Page No. | 6 |
| Language | Hindi |
| Edition | Lucknow |

# लखनऊ के प्रज्ज्वल और समृद्धि तीसरे दौर में

## पीएनवी मेटलाइफ जूनियर वैडमिंटन चैम्पियनशिप

पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के दूसरे दिन बालक अंडर-9 के दूसरे दौर में लखनऊ के स्प्रिंग डेल कॉलेज के प्रज्ज्वल पाठक ने सेंट मेरी कांवेंट इंटर कॉलेज के सक्षम पाल सिंह को 11-8, 11-5 से हराकर एवं बीबीडी बैडमिंटन अकादमी, लखनऊ की समृद्धि सिंह ने धीरज बैडमिंटन अकादमी की सान्वी गुप्ता को 11-10, 11-8 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। वहीं बालिका अंडर-13 के पहले दौर में समृद्धि तिवारी ने अनन्या राय को 11-1, 11-0 से हराया। टूर्नामेंट के चौथे सत्र के लखनऊ राउंड में फैजाबाद स्पोर्ट्स स्टेडियम के दिव्यांश सिंह ने सेंट मेरी कांवेंट इंकॉ. के प्रखर को 11-2, 11-1 से हराया। एडवेंट के अथर्व तिवारी ने प्रशांता कांत को 11-1, 11-10 से, हुसैन अंसारी ने रिषित को 11-4, 11-4 से, फ्लाई हाई स्पोर्ट्स अकादमी के प्रखर ने वाराणसी के अवनीश को 11-5, 11-5 से, सेंट मैरी इंकॉ. के अर्णव दुबे ने संत तुलसी पब्लिक स्कूल के इशू नारायण को 11-8, 3-11, 11-5 से मात दी। बालिका अंडर-9 के दूसरे दौर में सिरजा ने सीएमएस लखनऊ की अपूर्वा अवस्थी को 11-2, 11-1 से, बुलंदशहर की अलका आर्या ने हिमाचल प्रदेश की नोशी को 11-3, 11-0 से से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। बालिका अंडर-11 के दूसरे दौर में नित्या शुक्ला ने बीबीडी बैडमिंटन अकादमी की उर्वी अशोक को 11-1, 11-1 से, बुलंदशहर की अल्का ने श्रेया पोरवाल को 11-3, 7-11, 11-7 से, यूपी की अनन्या सिंह ने लामार्ट की सुचि मिश्रा को 11-0, 11-1 से हराया।